(c) the areas in India which are going to be benefited from the Bangladesh gas ?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICAL A D FERTILIZERS (SHRI P. C. ETHI) : (a) o. ir.

(b) Does not arise.

(c) Does not arise.

राजस्थान में बिजली का संकट

1184 श्री अशोक गहलोत क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार को मालूम है कि राजस्थान में गत तीन महीनों से बिजली का संकट है ;

(ख) यदि हां, तो राजस्थान के प्रत्येक जिले में किसानों तथा लघु उद्योगों को प्रतिदिन कितने घंटे बिजली की सप्लाई की गई ;

(ग) क्या कृषि कार्यों तथा लघु उद्योगों के लिये जितनी बिजली सप्लाई की गई वह उत्पादन की दृष्टि से नगण्य थी ;

(घ) यदि हां, तो क्या इस संबंध में सरकार ने कोई उपचारात्मक उपाय कर लिये है ; और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन) (क) जी, हां । राजस्थान में विद्युत की कमी की जानकारी सरकार को है।

(ख) 25 हार्स पावर तक के भार वाले लघु उद्योगों पर तथा कृषि उपभोक्ताओं पर इस समय विद्युत की कोई कटौती नहीं है। तथापि, कृषि को सप्लाई अलग-अलग समय पर कर दी गई है जिससे हर रोज न्यूनतम 6 घंटे सप्लाई सुनिश्चित हो सके ।

(ग) कृषि तथा लघु उद्योगों की विद्युत संबंधी आवश्यकताएं, मोटे तौर पर पूरी तरह पूरी की जाती है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

राजस्थान में बिजली संकट

1185. श्री अशोक गहलोत : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान में गत तीन महीनों से बिजली संकट के कारण वहां किसानों और लघु उद्योगपतियों को बिजली की सप्लाई नियमित रूप से नहीं की जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसके परिणामस्वरूप सरकार को कितनी उत्पादन और आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी ;

(ग) क्या किसानों और उद्योगों को बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कदम उठाए गए है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन) : (क) गोविन्द सागर तथा चम्बल जलाशयों में जल का कम अन्तर्वाह होने के कारण भाखड़ा ब्यास कम्पलेक्स तथा चम्बल कम्पलेक्स से विद्युत का कम उत्पादन हुआ जिसके परिणामस्वरूप राजस्थान में कम विद्युत उपलब्ध हुई। कोटा में राजस्थान परमाणु विद्युत संयंत्र यूनिट नं० 1 की 18 दिसम्बर, 1980 से 28 जनवरी, 1981 तक की जबरन बंदी के कारण स्थिति गंभीर हो गई थी । राजस्थान में पिछले